# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में दो दिवसीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन का किया शुभारंभ : पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा– प्रदेश में कानून–व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने का माध्यम है सम्मेलन।
3. प्रदेश भर में मनाई जा रही है सिख धर्म के दशम गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की 359वीं जयंती : अयोध्या में 31 दिसंबर को होने वाले प्रतिष्ठा द्वादशी आयोजन के लिए धार्मिक अनुष्ठान आज से शुरु।

और

4. प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए घने कोहरे और शीत दिवस का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजधानी लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में दो दिवसीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस के किये गये प्रयासों से लोगों के मन में राज्य के प्रति धारणा बदली है। प्रदेश 'रूल ऑफ लॉ' का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। सम्मेलन के बीट पुलिसिंग सत्र में मुख्यमंत्री ने 'यक्ष ऐप' लॉन्च किया। इस ऐप में अपराधियों का थानावार डेटाबेस, बीट सत्यापन की जवाबदेही, संदिग्धों की एआई पहचान और गैंग लिंक

एनालिसिस जैसी उन्नत सुविधाएं शामिल हैं। पेश है एक रिपोर्ट...

*दो दिवसीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन में साइबर अपराध, मानव तस्करी, सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों सहित कानून–व्यवस्था से संबंधित विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा हो रही है। कार्यक्रम को लेकर पुलिस महानिदेशक राजीव कृ ष्ण ने बताया कि पुलिस मंथन केवल एक औपचारिक सम्मेलन नहीं है, बल्कि यह भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई एक सुविचारित और लक्ष्य–आधारित पहल है, जिससे उत्तर प्रदेश में कानून–व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर परंपरागत गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघमेला–2026 को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 31 दिसम्बर तक सारी तैयारी पूरी कर लिए जाने के निर्देश दिए हैं। कल मेला तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री न निर्देश दिए कि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने गृह विभाग को निर्देश दिए कि प्रमुख स्नान पर्वों पर किसी तरह का वीआईपी प्रोटोकॉल न दिया जाए। माघ मेला–2026 का आयोजन 3 जनवरी से 15 फरवरी तक कुल 44 दिनों तक होगा।

——————————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज जालौन में सामुदायिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंन कहा कि डबल इंजन की

सरकार आज करोड़ों लोगों को मकान और नल के कनेक्शन आसानी से उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इंटरनेट कनेक्शन के साथ ही सड़कों की स्थिति बेहतर हुई है और पर्यटन भी बढ़ा है।

——————————

बोत्स्वाना सरकार के परिवहन एवं अवसंरचना मंत्री नूह सलाके ने आज वाराणसी के बनारस रेल इंजन कारखाना–बरेका का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बरेका में निर्मित विभिन्न आधुनिक रेल इंजनों, उनकी निर्माण प्रक्रिया तथा उन्नत तकनीकी विशेषताओं का गहन अवलोकन किया।

——————————

प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आज अयोध्या में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों की व्यवस्थाओं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। श्री शर्मा उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय सम्मेलन में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य परिषद के माध्यम से शिक्षा से संबंधित सुझावों और समस्याओं पर शासन स्तर पर विचार किया जाएगा। बाइट....

*उद्देश्य यह है कि एक तरफ हम प्रधानाचार्य के बातों को सुन सके। वह जो शिक्षा की बेहतरी के लिए कर रहे हैं या उनके जो मुद्दे हैं, उनको सुन सके और*

*साथ ही सरकार की ओर से जो शिक्षा में काम किए जा रहे हैं, जो नए प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं, जो नए नीतियां हैं, उसके बारे में उनसे सीधा संवाद कर सके।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**सिख धर्म के दशम गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की 359वीं जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। लखनऊ के विभिन्न गुरुद्वारों से आज सुबह नगर कीर्तन और प्रभातफेरी निकाली गई। शहर के नाका हिंडोला, याहियागंज, सदर, निशातगंज, डालीगंज, राजाजीपुरम और आलमबाग स्थित गुरुद्वारों में विशेष आयोजन किये जा रहे हैं। जयंती के अवसर पर गुरुद्वारों में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। अमरोहा में भी पूरी श्रद्धा के साथ प्रकाश पर्व मनाया गया। इस मौके पर गुरूद्वारों में विशेष सजावट की गई। जगह–जगह प्रभात फेरी निकाली गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक**

सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से गुरु श्री गोविंद सिंह जी महाराज को नमन किया।

——————————

अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी इस वर्ष 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। प्रतिष्ठा द्वादशी को लेकर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज से पांच दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान शुरु हो गए। इस दौरान उत्सव विग्रह की पालकी यात्रा भी निकाली गई।

——————————

वर्ष 2025 में प्रदेश की विकास यात्रा में कई उपलब्धियां हासिल हुईं। इस वर्ष धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन ने इस यात्रा में नए आयाम जोड़े। प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही अयोध्या के विकास में लगातार वृद्धि हुई है। अयोध्या के विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि विकास के पैमाने पर अयोध्या को विश्वस्तरीय पहचान मिली है। बाइट...

*अयोध्या तो इस समय विशिष्ट नगरी बन रही है। अयोध्या का दिव्य भव्य प्रभु राम का मंदिर अलौकिक अद्भुत आज पूरी विश्व की निगाहें अयोध्या की तरफ है और माननीय सचिव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह ऐतिहासिक कार्यकाल है जिसमें हजारों वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रोग्राम का दिव्य भव्य राम मंदिर मूर्त रूप ले रहा है और अयोध्या विकसित हो रही है।*

——————————

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस वर्ष ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा। विशेष श्रृंखला "सुधारों का वर्ष" में आज हमारे संवाददाता कराधान क्षेत्र में भारत की प्रगति पर जानकारी दे रहे हैं।

*भारत का कर इतिहास देश और उसके नागरिकों के बीच बदलते रिश्ते का एक दर्पण है। मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए विभिन्न कर सुधार इस परंपरा में एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाते हैं।*

*2014 से पहले इतने सारे टैक्स थे यानी एक प्रकार से टैक्स का जंजाल था और उसके कारण बिजनेस की कास्ट और परिवार का बजट दोनों ही कभी भी संतुलित नहीं हो पाते थे उसे कंट्रोल करना मुश्किल था। एक हजार रुपये की शर्ट पर 170 रुपये टैक्स लगता था। साल 2017 में जब हम जीएसटी लाए तो आने के बाद पहले जीएसटी में 117 से कम होकर के 50 हो गया और अब 22 सितंबर को लागू हुए रेट के बाद एक हजार रुपये के उसी शर्ट पर सिर्फ 35 रुपये टैक्स के रूप में देने होंगे।*

*यह कर सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था और नीति निर्माण में विश्वास सरलता और पारदर्शिता लाकर विकास और अनुपालन को बढ़ावा दे रहे हैं। ईशानी यादव के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे क कारण जनजीवन प्रभावित है। अमरोहा, शामली, बदायूं, कौशांबी और इटावा समेत कई जिलों में सर्द हवाओं के कारण ठंड में इजाफा हुआ है। प्रदेश सरकार की तरफ से राहत और बचाव कार्य तेज कर दिये गये हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनो के लिए भीषण ठंड की चेतावनी जारी की है। अधिकांश जनपदों में घने कोहरे और शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र

के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कहा कि निचले क्षोभमंडल में बनी परतों के कारण घने कोहरे और शीत दिवस की स्थिति उत्पन्न हुई है। बाइट...

*उत्तर प्रदेश के निचले क्षोभमंडल में बनी डबल इन्वर्जन लेयर के प्रभाव से आई निम्न क्षोभमंडलीय स्थिरता के कारण उत्तर भारत में बनी घने से अत्यधिक घने कोहरे की परत उत्तर प्रदेश में भी छाई हुई है, जिसके कारण प्रदेश के दिन के अधिकतम तापमान में प्रभावित और पर गिरावट दर्ज होने से कुछ स्थानों पर शीत दिवस से अति शीत दिवस यानी कि कोल्ड डे से सीवियर कोल्ड डे जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं।*

——————————